# UNIVERSITY OF HYDERABAD

## ENTRANCE EXAMINATIONS, JUNE 2011

## M. Phil.(Hindi)

**Time: 2 Hours** **Max. Marks: 75**

**Hall Ticket No.**____________________

---

**Instructions to the candidate**

1. The question paper consists of two parts viz. Part A and Part B
2. Part A is of objective type and has to be answered in the paper itself.

   **Note**: (a) There is **negative marking** in this part.
   **0.33 marks will be deducted for each wrong answer.**

   (b) No mark will be deducted for an unanswered bit.

3. Part B contains the questions of descriptive nature and has to be answered in the answer paper provided by the University only.
4. The question paper is to be fastened to the answer book.
5. All rough work, if any, has to be done in the answer book itself on last page of the answer book..

W-40

# UNIVERSITY OF HYDERABAD

## M. Phil. (Hindi), ENTRANCE EXAMINATION, JUNE 2011

### PART-A, OBJECTIVE TYPE QUESTIONS

**Hall Ticket No.____________________** **Max. Marks: 35**

सूचना: निम्नलिखित में से प्रत्येक प्रश्न के चार-चार वैकल्पिक उत्तर दिए गए हैं जिनमें कोई एक सही है. सही उत्तर-सूचक अक्षर को कोष्ठक में लिखिए.

---

१. 'रस गंगाधर' के रचयिता कौन हैं ?
क)कालिदास ख)बाणभट्ट ग)अभिनवगुप्त घ)पंडितराज जगन्नाथ ( )

२. 'शब्दार्थौ सहितौ काव्यम्' किसकी उक्ति है ?
क)दंडी ख)भामह ग)भरतमुनि घ)वामन ( )

३.साहित्य में अभिव्यंजनावाद सिद्धांत के प्रणेता कौन हैं ?
क)आई.ए.रिचर्ड्स ख)क्रोचे ग)कॉलरिज घ)टी.एस.इलियट ( )

४ 'प्रैक्टिकल क्रिटिसिज्म' किसकी पुस्तक है ?
क)वर्ड्सवर्थ ख)प्लेखानोव ग)अंतोनियो ग्राम्शी घ)आई.ए.रिचर्ड्स ( )

५. 'ध्वन्यालोक'के रचनाकार कौन हैं ?
क)विश्वनाथ ख)रुय्यक ग)आनंदवर्धन घ)जयदेव ( )

६. 'रस मीमांसा' के लेखक कौन हैं ?
क)नगेन्द्र ख)रामचंद्र शुक्ल ग)भरत मुनि घ)नंददुलारे वाजपेयी ( )

७. 'वाद विवाद संवाद' किसकी पुस्तक है ?
क)नामवर सिंह ख)हजारी प्रसाद द्विवेदी ग)रामविलास शर्मा घ)मलयज ( )

८. 'कुछ पूर्वग्रह' किस विधा की कृति है ?
क)उपन्यास ख)कहानी ग)आलोचना घ)संस्मरण ( )

९. 'संस्कृति के चार अध्याय' किस कवि द्वारा रचित ग्रन्थ है ?
क)अज्ञेय ख)दिनकर ग)बच्चन घ)श्रीकांत वर्मा ( )

१०.'वागर्थ' पत्रिका का प्रकाशन कब होता है ?
क) त्रैमासिक ख)वार्षिक ग)पाक्षिक घ)मासिक ( )

W-40

११.'हंस' पत्रिका के संस्थापक संपादक कौन थे ?

क)प्रेमचंद ख)गिरिराज किशोर ग)अशोक वाजपेयी घ)उदयप्रकाश ( )

१२. निम्नलिखित में से कौन दैनिक हिन्दी समाचार पत्र की श्रेणी में नहीं है ?

क)आज ख)जनसत्ता ग)नवभारत टाइम्स घ)आजकल ( )

१३.गणेश शंकर विद्यार्थी ने किस पत्रिका का संपादन किया था ?

क)ब्राह्मण ख)प्रताप ग)कविवचन सुधा घ)विशाल भारत ( )

१४. 'निराला की साहित्य साधना'किसने लिखी है ?

क)दूधनाथ सिंह ख)नंदकिशोर नवल ग)रामविलास शर्मा घ)देवराज ( )

१५. 'आध्यात्मिक रंग के चश्मे आजकल बहुत सस्ते हो गए हैं. उन्हें चढ़ाकर जैसे कुछ लोगों ने गीतगोविंद के पदों को आध्यात्मिक संकेत बताया है, वैसे ही विद्यापति के इन पदों का भी.' - यह किसका कथन है ?

क)जार्ज ग्रियर्सन ख)गार्सा द तासी ग) रामचंद्र शुक्ल घ)नगेन्द्र ( )

१६. 'अरथ तो इसका बूझेगा, मुंह देखो तो सूझेगा' - यह किसकी पंक्ति है ?

क)जायसी ख)कबीर ग)अमीर खुसरो घ)तुलसीदास ( )

१७. 'अनुराग बाँसुरी' किसकी कृति है ?

क)मंझन ख)कुतुबन ग)उसमान घ)नूर मुहम्मद ( )

१८. 'चंदायन' किस प्रकार की कृति है ?

क)रामभक्ति ख)कृष्णभक्ति ग)सूफी प्रेमाख्यान घ)निर्गुण भक्ति ( )

१९. 'मन रे परसि हरि के चरन
सुभग सीतल कमल कोमल त्रिविध ज्वालाहरन' - यह किसका पद है ?

क)तुलसीदास ख)सूरदास ग)मीराबाई घ)केशवदास ( )

२०. इनमें से कौन-सा ग्रन्थ केशवदास द्वारा रचित नहीं है ?

क)केशवचन्द्रिका ख)रामचंद्रिका ग)कविप्रिया घ) रसिकप्रिया ( )

२१. 'अर्धकथानक' किस विधा की रचना है ?

क)कहानी ख)उपन्यास ग)आत्मकथा घ) जीवनी ( )

२२.रीतिकालीन कवियों के प्रिय छंद कौन से थे ?

क)कवित्त और सवैया ख ) रोला ग)चौपाई घ) हरिगीतिका ( )

२३. "अमिय हलाहल मद भरे ,श्वेत श्याम रतनार
जियत मरत झुकि झुकि परत,जेहि चितवत एक बार." - यह किसकी पंक्ति है ?

W-40

क)देव ख)बिहारी ग) मतिराम घ)पद्माकर ( )

२४. रीतिकाल के किस कवि ने सबसे कम ग्रंथों की रचना की है ?

क)बिहारी ख)देव ग)केशवदास घ)सेनापति ( )

२५. 'फोर्ट विलियम कॉलेज', कोलकाता से निम्नलिखित में से कौन लेखक संबद्ध नहीं थे ?

क)मुंशी सदासुखलाल ख)इंशाअल्ला खां ग)सुरति मिश्र घ) लल्लूलाल ( )

२६. 'बालाबोधिनी' पत्रिका के संपादक कौन थे ?

क)राजा शिवप्रसाद सितारे हिंद ख)लक्ष्मण सिह ग)सदल मिश्र घ) भारतेंदु ( )

२७.निम्नलिखित में से किसकी रचना देवकीनंदन खत्री ने नहीं की ?

क)नरेंद्रमोहिनी ख)चंद्रवीर ग)चंद्रकांता घ)चंद्रकांता संतति ( )

२८.छायावाद की किस कृति में रामचंद्र शुक्ल को साम्यवाद की दबी हुई गूॅज सुनायी पड़ी थी ?

क)'वह तोडती पत्थर' ख) 'राम की शक्ति पूजा' ग)कामायनी घ)परिवर्तन ( )

२९. 'माटी की मूरतें' किस विधा की रचना है ?

क)निबंध ख)रिपोर्ताज़ ग)आलोचना घ)संस्मरण और रेखाचित्र ( )

३०.'मुर्दहिया' के लेखक कौन हैं ?

क)श्योराज सिंह बेचैन ख)तुलसीराम ग)ओमप्रकाश वाल्मीकि घ)धर्मवीर ( )

३१. 'स्त्री मेरे भीतर' किसका काव्य -संग्रह है ?

क)अनामिका ख)सविता सिंह ग)पवन करण घ)बद्रीनारायण ( )

३२. 'प्रतीक' के संपादक कौन थे ?

क)श्रीकांत वर्मा ख)धर्मवीर भारती ग)अज्ञेय घ)विजयदेव नारायण साही ( )

३३. 'अमन का राग' किसकी कविता है ?

क)नागार्जुन ख)शमशेर ग)मुक्तिबोध घ)केदारनाथ अग्रवाल ( )

३४.सन् 2011 में साहित्य अकादमी पुरस्कार किस हिन्दी लेखक को प्रदान किया गया है ?

क)उदयप्रकाश ख)अनामिका ग)भगवानदास मोरवाल घ) मैनेजर पाण्डेय ( )

३५.यह वर्ष इनमें से किस साहित्यकार का जन्मशती वर्ष नहीं है ?

क)अज्ञेय ख) शमशेर ग)नागार्जुन घ)निराला ( )

W-40

**Part-B, Short & Essay type question** **Marks: 40**

प्रश्न १. "मैं जोर देकर कहना चाहता हूँ कि इस्लाम नहीं भी आया होता तो हिन्दी साहित्य का बारह आना वैसे ही होता ....." के सन्दर्भ में भक्ति आंदोलन के उद्भव के कारणों पर प्रकाश डालिए. **15**

अथवा

छायावाद की प्रमुख प्रवृत्तियों पर विचार कीजिए.

अथवा

राजभाषा एवं संपर्क भाषा के रूप में हिन्दी की स्थिति पर प्रकाश डालिए.

अथवा

"अनुवाद से सांस्कृतिक इच्छाएँ भी प्रकट होती हैं"- इस कथन के आलोक में अनुवाद की आवश्यकताओं और समस्याओं को सोदाहरण रेखांकित कीजिए.

प्रश्न २.निम्नलिखित विषयों में से किन्ही दो पर टिप्पणी लिखिए- **2 X 5 = 10**

(क)पद्मावत (ख)हिन्दी में दलित आत्मकथा लेखन ( ग)हिन्दी में स्त्री लेखन (घ)हिन्दी पत्रकारिता की परंपरा

प्रश्न ३.एम.फिल.के लघु-शोध प्रबंध हेतु प्रस्तावित शोध विषय की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए शोध विषय में अपनी रुचि के कारणों का उल्लेख कीजिए

**15**

W-40